छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय,कानपुर
CHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formely Kanpur University, Kanpur)
Kalyanpur, Kanpur-208024
कल्यानपुर कानपुर–208024

सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि./COE/ 2698 /2022

दिनांक : 13 / 05 /2022

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय से सम्बद्ध,
समस्त आयुर्वेद संकाय महाविद्यालय।

विषय : एम0डी0/एम0एस0 (आयुर्वेद) सत्र 2020–21 की मुख्य/पूरक परीक्षाओं के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया आदेशानुसार अवगत कराना है कि संदर्भित परीक्षाओं से सम्बन्धित परीक्षा कार्यक्रम शीघ्र ही जारी किया जायेगा। उपर्युक्त परीक्षायें निम्नलिखित निर्देशों के अधीन सम्पन्न होंगीं:–

1. पूर्व की भांति प्रत्येक वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्रों की सूची तीन प्रतियों में तैयार कर एक प्रति सहायक कुलसचिव (मेडिकल), दूसरी पी0एम0यू0 सेल को तथा तीसरी भविष्य के संदर्भ के लिए महाविद्यालय में सुरक्षित रखें।

   समस्त अर्ह छात्र/छात्राओं का ऑन लाइन सब्मिशन तथा परीक्षा शुल्क दिनांक 17.05.2022 से दिनांक 22.05.2022 तक जमा कराना सुनिश्चित करें।
2. सभी प्राचार्य/प्राचार्या, इस आशय का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करेंगे कि परीक्षा में सम्मिलित हो रहे छात्र/छात्राओं की उपस्थिति एवं पाठ्यक्रम भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद, नई दिल्ली के मानकानुसार पूर्ण हो गया है और उन्हें निर्धारित अर्हता पूर्ण होने पर ही परीक्षा में सम्मिलित कराया जा रहा है। किसी भी विसंगति की स्थिति में सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित प्राचार्य/प्राचार्या का होगा।
3. उक्त परीक्षायें कोविड–19 महामारी से बचाव के दृष्टिगत शासन द्वारा जारी दिशा–निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित करते हुये सम्पन्न करायी जानी हैं।

भवदीय

(डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समस्त अधिकारीगण।
2. प्रभारी, पी0एम0यू0 सेल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना से अवगत होते हुए सभी सम्बन्धित महाविद्यालयों के कालेज लॉगिन, वेबसाइट के होम पेज पर अपलोड करने एवं अन्य आवश्यक कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
3. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी को सूचनार्थ।

(अजीत प्रताप सिंह)
सहायक कुलसचिव (परीक्षा)